तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 8 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 भविष्य व नवपीढ़ी के लिए ऊर्जा संरक्षण जरूरी



## खबर संक्षेप

### 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**बैकुण्ठपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

### क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के नवपदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया है। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी व मैनेजर पार्थ चटर्जी का गतदिनों सोहागपुर क्षेत्र तबादला हो गया है। इसके पश्चात यहां पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के पद पर चिरमिरी क्षेत्र से स्थानांतरित होकर आए सहायक मैनेजर रवि कुमार ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया है। नवपदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार के सामने एसईसीएल क्षेत्र में लगातार हो रही कबाड़ व कोयला चोरी पर अंकुश लगा पाना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

### मोटी कमाई के चक्कर में गवाएं 5.92 लाख

**अंबिकापुर।** जनपद में पदस्थ कर्मचारी को एजेंट बनकर मोटी रकम कमाने का झांसा देकर 5.92 लाख रुपए से अधिक की ठगी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रनहत निवासी दिलीप कुमार गुप्ता आ. अरविन्द कुमार गुप्ता जनपद में क्षेत्रीय समन्वयक के पद पर पदस्थ है। कर्मचारी के पास 23 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर उसके ईएसकेवाई कंपनी का एजेंट बनकर प्रतिदिन 1 हजार से 14 सौ रुपए तक कमीशन व 25 हजार रुपए मासिक बेसिक मानदेय कमाने का झांसा दिया गया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने शुरुआत में तो कर्मचारी को उसका काम करने के एवज में मोटी रकम दी गई। कमीशन मिलने के बाद युवक भी लालच में आ गया और अपने पास से बड़े पैमाने पर रुपए जमा कर दिए लेकिन जब उसे कमीशन नहीं मिला तो उसने कंपनी में सम्पर्क किया। जब रुपए वापस नहीं मिले तो युवक को ठगी का एहसास हुआ। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी।

### घर से बाहर बहनों को हाथी ने उठाकर पटका

**अंबिकापुर।** शौच के लिए सुबह सुबह घर से बाहर निकलते ही दो बहनों का हाथी से सामना हो गया। घर के बाहर मौजूद हाथी ने दोनों बहनों को उठाकर पटक दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बहनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जशपुर जिले के सन्ना अंतर्गत कांसाबेल उदारी झरिया निवासी 42 वर्षीया गौरी पति सुमित राम चौहान अपनी छोटी बहन इन्द्रकुमारी के साथ आज तड़के शौच करने के लिए घर से बाहर जा रही थी। दोनों बहनों ने घर का दरवाजा खोलकर जैसे ही कदम बाहर निकाला उनका सामना हाथी से हो गया। हाथी ने दोनों बहनों को उठाकर पटक दिया जिससे घायल हो गई। जब लोगों ने शोर मचाना शुरू किया जिसके बाद हाथी वहां से भाग गया। गौरी चौहान व इन्द्रकुमारी को उपचार के लिए कांसाबेल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया।

### आए दिन लगता है लंबी जाम, नहीं निकल रहा समस्या का हल

# ट्रैफिक संकट से निजात के लिए हो प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की प्रमुख समस्याओं में से एक व्यवस्थित यातायात की है, इसके लिए आमूलचूल परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता अब पड़ गई है। शहर में यातायात का दबाव बढ़ा है, लेकिन बढ़ती यातायात के दबाव को व्यवस्थित करने की दिशा में बदलाव नहीं हो सका है, इसके कारण शहर क्षेत्र में आए दिन कुछ प्रमुख जगहों पर यातायात जाम की समस्या का सामना वाहन चालकों को करना पड़ता है।

शहर में सप्ताह में दो दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थित यातायात के कारण लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था में आवश्यक सुधार के बिना शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है, जिसके कारण साप्ताहिक बाजार दिवस रविवार और गुरुवार के साथ त्यौहारी सीजन में लोगों को जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। छोटा शहर होने के बावजूद कुछ ही जगहों पर व्यवस्थित ⏭ शेष पेज 4 पर



मुख्य मार्ग पर शहर का जाम ट्रैफिक।



बाजार दिवस ऐसे रहता है भीड़।

### चिरमिरी चौक पर अक्सर जाम की स्थिति

शहर के चिरमिरी चौक सकरा चौक है, यहां पर प्रतिदिन सायं के समय जाम की स्थिति बनती है, इसके अलावा शहर में साप्ताहिक बाजार के दिन में तो कई बार इस चौक पर तीन ओर से जाम की स्थिति बनती है। यही हालत त्यौहारी सीजन में भी चिरमिरी चौक पर बनती रहती है। उल्लेखनीय है कि चिरमिरी चौक के चारों ओर दुकाने सड़क से कुछ ही दूरी पर बनी हुई है, इस कारण चौक संकरा है। इस चौक से होकर कई बार लॉग लीड वाहन व बडे ट्रक के आवाजाही के दौरान यातायात प्रभावित होने लगती है। इस कारण चिरमिरी रोड एवं मुख्य मार्ग पर वाहनों की कतार लगने लगती है। शहर में इसी चौक पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति हमेशा ही बनती रहती है। यहां पर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए एक यातायात पुलिस की ड्यूटी लगती है, बावजूद इसके यातायात व्यवस्था संकीर्ण चौक होने के कारण बिगड़ती रहती है।

### मुख्य मार्ग पर अघोषित स्टैंड

शहर क्षेत्र में कई लोग मुख्य मार्ग पर थोड़ी देर के लिए अपनी वाहन को खड़ी कर खरीददारी करने चले जाते हैं, इसके कारण मुख्य मार्ग होने के कारण जाम की स्थिति बनने लगती है, इसके अलावा नपा कार्यालय के पास कुमार चौक के पास कई ऑटो चालक अघोषित रूप से सवारी चढ़ाने उतारने का काम करते हैं, यही हाल बस चालकों का भी है। बस चालक भी नपा कार्यालय के पास बस खड़ी कर यात्रियों को चढ़ाने का कार्य करते हैं, ऐसा करने से शहर क्षेत्र में जाम की स्थिति बनने लगती है,सबसे ज्यादा परेशानी शाम होने के दौरान होती है, क्योंकि इस दौरान शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। विद्यालयों के अवकाश का समय रहता है, इसके कारण अघोषित रूप से वाहनों को जगह-जगह मुख्य मार्ग पर खड़ी कर देने से जाम की स्थिति बनती है।

# रात के समय छात्रावासों में नहीं रहते अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण में खुलासा, जारी किया गया नोटिस

अनुसूचित जाति व जनजाति बच्चों के हॉस्टल में बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आई है। हॉस्टल में रात को अधीक्षक नदारद रहते है इसके साथ ही बच्चों के भोजन की गुणवत्ता, शौचालय की व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। इतना ही नहीं कई छात्रावासों में अधीक्षक लम्बे समय से जमे हुए है। नए हॉस्टल निर्माण के बाद सीपेज की समस्याएं सामने आ रही है। इन कमियों का खुलासा बीती रात कलेक्टर कुंदन कुमार के आकस्मिक निरीक्षण के बाद हुआ है। कलेक्टर ने देर रात ट्राइबल हॉस्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाही को देखते हुए अधीक्षक व मंडल संयोजक को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही जिले के सभी अधीक्षकों व मंडल संयोजको को चेतावनी देते हुए व्यवस्थाओं में समय रहते सुधार करने के निर्देश दिए है। बता दें कि कलेक्टर कुंदन कुमार, ननि आयुक्त



बच्चों से चर्चा करते कलेक्टर।

अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारी शहर के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान कलेक्टर ने आदर्श प्री मैट्रिक जनजाति व विशिष्ट प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास नवापारा का निरीक्षण किया। जब कलेक्टर छात्रावास पहुंचे तो वहां अधीक्षक मौजूद नहीं थे।

इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से बात कर छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। हॉस्टल में बच्चों के शौचालय बदहाल स्थिति में पाए गए इसके साथ ही नवनिर्मित भवन से सीपेज हो रहा था जिसे लेकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर की। स्वच्छता, आवासीय सुविधा में अव्यवस्थाओं से नाराज कलेक्टर ने सहायक आयुक्त और अधीक्षक को व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सफाई अभियान



**बैकुण्ठपुर।** मोदी की गारंटी और विकसित भारत संकल्प यात्रा कोरिया जिले के गांवों की गलियों में इसका असर देखने को मिल रहा है।

शासन की मंशा के अनुसार कोरिया जिले में भी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार मुहिम छेड़े हुए हैं। इसी कड़ी में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जूनापारा, उमझर, रामपुर ज जगतपुर एवं सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत केशगवां,चकडांड़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनभागीदारी के तहत श्रमदान, स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई किया गया, साथ ही सफाई के महत्व को बताया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### सेंधमारी कर डेढ़ लाख से अधिक की चोरी

**अम्बिकापुर।** शहर के शुभम फर्टिलाइजर में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में देश से पौने दो लाख रुपए नगदी रकम के चोरी होने की बात कही जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। शहर के रायगढ़ रोड में कन्हैया लाल अग्रवाल की शुभ फर्टिलाइजर की दुकान संचालित है। संचालक रविवार की देर शाम 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। आज सुबह व्यवसायी का कर्मचारी सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंचा था। दुकान का शटर उठाते ही कर्मचारी के होश उड़ गए। दुकान के अंदर पीछे की दीवार टूटी हुई थी और अंदर दराज के लॉक तोड़ दिए गए थे। दराज में रखा नगदी रकम गायब था

# कई महीनों से रसोइया महिलाओं को मानदेय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- शिकायत लेकर पहुंची जनदर्शन, कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद मंगलवार को पहली जनदर्शन का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया।

पटना जनपद के गांव से छोटे बच्चों को लेकर कुछ महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आए हुए थे। कलेक्टर से इन महिलाओं से बात करते, उसके पहले कलेक्टर श्री लंगेह ने इन महिलाओं के लिए कुर्सी व्यवस्था करने के निर्देश दिए और महिलाओं को बैठने को बोलते ही, इनमें से एक महिला ने धीरे स्वर में कहा कि कलेक्टर होकर इतने आत्मीयता के साथ बात करेंगे, बैठने बोलेंगे यह हम लोग नहीं सोचे थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने बहुत ही गंभीरता से उनकी परेशानियों को सुने और तत्काल निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारी को फोन पर निर्देश दिए। विदित हो कि एक स्कूल में रसोइया का काम करने वाले इन महिलाओं का पारिश्रमिक विगत कुछ महीनों से नहीं मिलने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसी संबंध में 19 दिसंबर को जनदर्शन के माध्यम से अपनी बात रखने यहां पहुंची हुईं थी। कलेक्टर ने इनके आवदेन को पढ़ा और उनकी समस्याओं को सुनते ही तत्काल संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। एक



जनदर्शन में पहुंची महिलाएं।

अन्य प्रकरण में 8,9 वर्षों से दैनिक मजदूरी पर कार्यरत सफाई कर्मी व उनके पिता आवेदन लेकर आए थे कि उनके पुत्र को बिना कारण विगत जनवरी माह से काम से निकाल दिया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने आवेदन पर संज्ञान लेते ही संबंधित अधिकारी से जवाब तलब किया और कहा कि नियमानुसार कार्रवाई करें तथा इसके बारे में समुचित जानकारी भी दें। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर एक हितग्राही आवेदन दिए। उन्होंने कलेक्टर श्री लंगेह को बताया कि अभी तक एक किस्त मिल चुका है, बाकि किस्त अभी तक नहीं मिला है, तत्काल कलेक्टर ने तहसीलदार को इस संबंध कार्रवाई करने के निर्देश दिए और संबंधित के समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

# केबी पटेल कॉलेज में आनंद मेले का आयोजन

**डोमनहिल।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी केबी पटेल कॉलेज के प्रांगण में आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ.एकता लंगेह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अलावा पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी ज्ञान होता है ।

इस मेले में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक राज्य के मशहुर व्यंजन को रखा गया। मेले में सम्मिलित हुए अतिथि, ग्रामीण, नगरीय नागरिकगण आए हुए थे और विद्यार्थियों के स्टॉल में जाकर व्यंजनों का भरपुर स्वाद लिया और बच्चों के हाथों से बने व्यंजनों की तारिफ भी की। इसी क्रम में मनोरंजन के लिए कई प्रकार के खेल रखे गए थे। विद्यार्थियों का भरपुर उत्साह के साथ सहयोग प्रदान किए, वहीं दूसरी ओर अमेरिका में रह रहे कॉलेज के चेयरमैन अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल ने दुरभाष, वीडियो व्हाट्सप के द्वारा आनंद मेला की तारीफ की। कार्यक्रम में नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं के साथ समस्त कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। प्राध्यापक अभिजीत दत्ता के द्वारा डेडिकेट गाना का आयोजन पुरे मेले के दौरान किया जा रहा था। कार्यक्रम में प्राप्त राशि को जरूरतमंद गरीबों को वितरण किया जाएगा। आनंद मेला प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक रहा।



आनंद मेला में शामिल अतिथि व विद्यार्थी।

### अवैध रुप से खपाने लाया गया 150 बोरी धान जब्त

**राजपुर।** जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान खपाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। कलेक्टर द्वारा नियुक्त टीमों द्वारा जगह जगह कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुनः टीम द्वारा ट्रक समेत 150 बोरी अवैध धान जब्त किया है। इसी दौरान तहसीलदार व खाद्य निरीक्षक द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम भदार निवासी अंजय प्रसाद गुप्ता के मकान की जांच की गई। मौके पर घर के सामने ट्रक क्रं. यूपी 67 टी 5944 अनलोडिंग स्थिति में पाया गया। उक्त ट्रक से मजदूरों द्वारा अंजय प्रसाद गुप्ता के घर में 150 बोरी अवैध धान भंडारित किया जा रहा था। संतोषप्रद जवाब न मिलने पर धान को जब्त किया गया।

# अधिकारी-कर्मचारी समय पर पहुंचें कार्यालय

- सूचना का अधिकार के तहत अब ऑनलाइन आवेदन व जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** विधानसभा निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा व दिशा-निर्देश दिए। अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने सबसे पहले बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि कार्यालय समय पर पहुंचे और अपने अधीनस्थ कर्मियों को भी समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दें। समय पर नहीं आने पर कार्रवाई की जाएगी। श्री लंगेह ने कहा कि कार्यालय में आने के बाद कार्यालय से बाहर घूमने-फिरने न जाए, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री लंगेह ने राजस्व संबंधी प्रकरणों पर जानकारी लेते हुए जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार को नामांतरण, बटांकन एवं सीमांकन प्रकरण को समय-सीमा के भीतर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैकुंठपुर तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरण पर नाराजगी जताया और संबंधित तहसीलदार को नियमित रूप से बैठकर सभी ⏭ शेष पेज 4 पर



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### जिला स्तरीय गुरू घासीदास जयंती पर विविध आयोजन

# सत्य, अहिंसा और समरसता की राह पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोरिया जिले में प्रगतिशील छग सतनामी समाज के द्वारा जिला स्तरीय गुरू घासीदास जयंती समारोह सतनाम धाम सुभाष नगर चरचा कॉलरी में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास के 267 वीं जयंती को जिला संरक्षक मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वय एनआर रत्नेश एवं मनीष वारे के संरक्षण में मनाया गया। जयंती के पूर्व संध्या पर मिनीमाता महिला प्रकोष्ठ की जिला संरक्षक श्रीमती त्रिवेणी कुर्रे एवं अध्यक्ष श्रीमती मधु बारले के नेतृत्व में जय स्तंभ परिसर में 267 सतदीप प्रज्जवलित किया गया। जयंती दिवस प्रथम चरण में देवगांव जिला-बिलासपुर से आए हुए पंथी चौका पार्टी के द्वारा चौका का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण में बाबा जी की शोभा यात्रा जिला संयोजक प्रो. एमसी हिमधर एवं जिला कोषाध्यक्ष जागृत कुमार कुर्रे एवं जिलाध्यक्ष अशोक निराला के नेतृत्व में निकाली गई, जो गुरू गद्दी से प्रारंभ होकर जय स्तम्भ परिसर में विधिवत धाम प्रभारी बाबा सुखराम महिपाल के मार्गदर्शन में 7 फेरे और पूजन-अर्चन कर अशोक निराला के द्वारा पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात जिलेभर से आए हुए अनुयायियों एवं अतिथियों ने पूजा आरती कर बाबा जी के दिखाए सत्य, अहिंसा, मानवता और समरसता के राह पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम हथनीकला जिला- मुंगेली से आए हुए संत भक्ति पंथी कल्याण समिति के कलाकारों द्वारा शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तृतीय चरण में जयंती समारोह श्रीमती नविता शिवहरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य आतिथ्य, विरेन्द्र कुमार अजगल्ले पूर्व जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता एवं श्रीमती लालमुनि यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा, श्रीमती कौशिल्या खटकर पूर्व जिलाध्यक्ष मिनी माता जिला समिति, राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा, पार्षद श्रीमती शिल्पा गुप्ता, धर्मपाल कुर्रे, अभिमन्यु मुदुली, श्रीमती त्रिवेणी कुर्रे एल्डरमेन, शैलेश शिवहरे पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, अरूण जायसवाल नेता प्रतिपक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर




आयोजन में उपस्थित नपाध्यक्ष शिवपुर चरचा।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

### बंधक बनाए गए युवकों को कराया गया मुक्त

**अम्बिकापुर।** यूपी में फंसे मजदूरों की घर वापसी को लेकर पहल शुरू हो गई है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में पहल की है। जिला प्रशासन की पहल एक बाद बंधक बनाए गए मजदूरों को छुड़वाया गया है और अब उनके वापसी के लिए टिकट की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही मैनपाट क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा मजदूर सकुशल अपने घर लौट आएंगे। मैनपाट विकासखंड के सुपलगा क्षेत्र में रहने वाले लगभग 15 मजदूरों को अच्छा रोजगार दिलाने के नाम पर यूपी ले जाया गया था। उत्तर प्रदेश जाने के बाद पहाड़ी कोरवा युवाओं को बागपत क्षेत्र में गन्ना खेत में काम कराया जाता था और उन्हें मजदूरी भुगतान नहीं दिया जाता था। मजदूर घर वापस आना चाह रहे थे लेकिन उन्हें वापस नहीं आने दिया जा रहा था। ऐसे में ग्रामीणों ने वीडियों बनाकर मदद की गुहार लगाई थी। कलेक्टर की पहल पर बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त करा लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों की बैठक आज

**जशपुरनगर।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचनों के परिणाम घोषणा होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखों का सही प्रतिलिपि दाखिल करने के संबंध में दिनॉक 20 दिसंबर 2023 को समय 2.00 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट जशपुर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12- जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगॉव के लिए चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्त्ता निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

### पत्थलगांव-कुनकुरी सड़क निर्माण में तेजी लाने निर्देश



**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पथलगॉव-कुनकुरी सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। निर्देश के परिपालन में टीबीसीएल कंपनी द्वारा पत्थलगांव से कुनकुरी तक जगह-जगह पर सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। कंपनी ने बताया पत्थलगॉव शहर में तेजी चल रहे से सी सी सड़क का निर्माण कार्य दिसंबर

### प्रशासनिक कसावट के लिए बदले गए बीएमओ व फूड इंस्पेक्टर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के कारण लगातार विभागों में प्रशासनिक कसावट लाई जा रही है। साथ ही व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग में फेरबदल किया गया है। कांसाबेल की बीएमओ संध्या रानी टोप्पो हटाई गईं हैं। अब उनकी जगह सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर सिलबेस्टर तिर्की बीएमओ का प्रभार संभालेंगे। साथ ही फरसाबहार के फूड इंस्पेक्टर अलाउद्दीन खान भी हटाए गए हैं। खाद्य विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अब फरसाबहार में हेमप्रकाश भारद्वाज फूड इंस्पेक्टर होंगे।

### 45 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 45 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। रविवार 17 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदिरा उद्यान के पीछे अकलतरा निवासी गोपाल सिंग द्वारा अपने कब्जे मे अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। जिसके कब्जे से 50 लीटर वाली नीले रंग के जरिकेन मे करीब 45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 63 सौ रूपए मिला।

### आरक्षक की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत

**देवरी-सारागांव।** ड्यूटी के दौरान एक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जाता है कि रात 1 बजे के करीब उसे दौरा पड़ा और मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस में तैनात आरक्षक 683 टेकचंद कर्ष पिता स्व. महेत्तर लाल कर्ष उम्र 38 साल साकिन पचौरी थाना सरगांव की हृदय घात होने से मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि हमेशा की तरह बीती रात भी वह आरक्षक टेक चंद थाना में अपनी ड्यूटी कर रहा था इसी दौरान मध्य रात्रि लगभग 12 से 1 बजे की बीच उनकी तबियत खराब लगने लगी और वे वही बेहोश हो गए तब उनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौप दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सारागांव थाना के स्टाप भी शामिल हुए।

## बरगांव, सुलेसा, दनगरी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी चल रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोग काफी उत्साहित है। केंद्र और राज्य सरकार के जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और प्रमुख योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम बरगांव, ग्राम नारायणपुर, कुनकुरी के ग्राम खंडसा, ग्राम रायकेला, बगीचा के ग्राम पंचायत ग्राम सुलेसा, ग्राम दनगरी, पत्थलगांव के ग्राम पंचायत ग्राम डुडुगजोर, ग्राम पंचायत बुढ़ाडाड़ और फरसाबहार के ग्राम पंचायत उपरकछार, ग्राम पंचायत लठबोरा में कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें लोगों को शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उसे उस योजना से लाभान्वित करना है। इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विशेष सूचना शिक्षा संचार-वैन द्वारा लाभार्थियों को मौके पर ही नामांकित किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्थानों पर मोबाइल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया।

**मोबाइल वैन का किया गया स्वागत**

**शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित**

जनपद पंचायत पत्थलगांव के ग्राम डुडुगंजोर निवासी श्री बालसागर चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभान्वित होने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इसी तरह आगामी दिवस 20 दिसंबर 2023 को रूट प्लान के अनुसार जिले के 10 ग्राम पंचायतों में शिविर लगेगा। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत ईचकेला, ग्राम पंचायत बालाछापर, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम पंचायत मनगई, ग्राम पंचायत छिरोडीह, जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायत कंडोरा, ग्राम पंचायत बोडोकछार, जनपद पंचायत फरसाबहार के ग्राम पंचायत बगिया, ग्राम पंचायत सूजीबहार, जनपद पंचायत पत्थलगांव के ग्राम पंचायत झक्कडपुर, ग्राम पंचायत पंगसुवा में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जहां शिविरों में छूटे हुए लोगों से योजनाओं का लाभ दिलाने फार्म भरवाये जायेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी शिविरों के लिए अलग-अलग सेक्टर अधिकारी, ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी, डे नोडल अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक अधिकारी एवं वेन (वाहन) प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है।



## कलेक्टर ने फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट परिसर से फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सहायक संचालक आर एस तोमर एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके तहत रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। इन अधिसूचित फसलों पर कृषकों को प्रीमियम राशि ( प्रति हेक्टेयर) देय होगी। इस योजना में पुनर्गठित मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु अधिसूचित फसल के लिए ऋणी कृषकों को अंतिम तिथि 31 दिसम्बर से पहले निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल, डाक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। इसी तरह अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हों, वे क्षेत्र बआई पुष्टि प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में शामिल हो सकते है।

■ उद्यान विभाग की पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

## रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के तीनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में एसडीएम प्रशांत कुशवाहा द्वारा विधानसभा क्षेत्र-12 एसडीएम श्रीमती श्यामा पटेल विधानसभा क्षेत्र-13 एवं एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी विधानसभा क्षेत्र-14 पत्थलगांव का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर दायित्व निर्वहन करते हुए त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण, अद्यतीकरण ए. एम. एफ. सहित मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारी, सतत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, निर्विवाद नाम निर्देशन, मतदान दलों का प्रभावी प्रशिक्षण एवं जशपुर विधानसभा के 325, कुनकुरी विधानसभा के 278, पत्थलगांव विधानसभा के 275 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराते हुए ई.व्ही.एम. का स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित परिवहन एवं सीलिंग तथा मतगणना दिवस को सुव्यवस्थित मतगणना कराते हुए परिणाम की घोषणा की। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन कराते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराया गया,यह सराहनीय रहा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा रिटर्निंग ऑफिसरों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 में तहसीलदार जशपुर श्रीमती जयश्री राजन पथे और तहसीलदार मनोरा राहुल कौशिक द्वारा विधानसभा क्षेत्र-12 जशपुर का, तहसीलदार कुनकुरी मुखदेव यादव और तहसीलदार फरसाबहार तोष कुमार द्वारा विधानसभा क्षेत्र-13 कुनकुरी का सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर का दायित्व निर्वहन करते हुए त्रुटिरहित निर्वाचकनामावली पुनरीक्षण, अद्यतीकरण. ए.एम.एफ. सहित मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारी, सतत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निर्विवाद नाम निर्देशन, मतदान दलों का प्रभावी प्रशिक्षण एवं जशपुर विधानसभा के 325, कुनकुरी विधानसभा के 278 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराते हुए ई.व्ही.एम. का स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित परिवहन एवं सीलिंग तथा मतगणना दिवस को सुव्यवस्थित मतगणना कराने में रिटर्निंग ऑफिसर का सहयोग किया गया जो कि सराहनीय रहा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में इस उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों का सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए। उज्जवल भविष्य की कामना की है।

■ निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए हुए सम्मानित

## महिला सरपंच के साथ अन्याय पर न्याय की जीत

**जशपुरनगर** । महिला सरपंच के साथ हुई अन्याय पर न्याय की जीत होने पर ग्रामवासी झूम उठे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के नेतृत्व में ढोल नगाड़े की धुन पर,महिला सरपंच चंद्रकला भगत को पंचायत भवन पहुंचाया और उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया।

इस अवसर पर कौशल्या साय ने,कांग्रेस सरकार को भविष्य में किसी नारी शक्ति के साथ अन्याय ना करने की सलाह दी है। मामला,जिले के कांसाबेल जनपद के ग्राम पंचायत दोकड़ा का है। इस पंचायत का नेतृत्व,बीते 3 कार्यकाल से यहां की महिला चंद्रकला भगत कर रही थी। महिला सरपंच चंद्रकला भगत की मुसीबत 2019 में उस समय शुरू हुई,जब उनके विरूद्व जनपद पंचायत के सीईओ के विरूद्व पंचायत में क्वरंटाइन सेंटर के संचालन में लापरवाही और वित्तिय अनियमितता की शिकायत की गई। चंद्रकला भगत का आरोप है कि तात्कालीन कांग्रेस सरकार के दबाव में उनके विरूद्व बिना किसी जांच,कारण बताओ नोटिस के निलंबित करने के साथ ही,कांसाबेल थाना में उनके विरूद्व धारा 420 के तहत अपराध पंजिबद्व कर दिया गया। जनपद पंचायत की इस कार्रवाई के विरूद्व उन्होनें एसडीएम बगीचा के न्यायालय में अपील की थी।

न्यायालय में शिकायतकर्ताओं ने मामले को फर्जी बताते हुए दावा किया कि पंचायत में क्वरंटाइन सेंटर चालू करने की गलत जानकारी देकर उनसे कोरे कागज में हस्ताक्षर कराया गया। एसडीएम न्यायालय में प्रतिपरीक्षण बयान में जनपद पंचायत के अधिकारी ने भी स्वीकार किया कि सरपंच चंद्रकला भगत के खिलाफ कोई अधिकृत शिकायत नहीं मिली थी और ना ही इसकी जांच की गई थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद,एसडीएम न्यायालय ने,चंद्रकला भगत का निलंबन स्थगित कर दिया। इसके कुछ ही दिन बाद एसडीएम बगीचा ने,चंद्रकला भगत पर दर्ज अपराधिक मामले का हवाला देते हुए,उन्हें प्रभार सौंपने पर रोक लगा दी। इस बीच,पुलिस ने भी महिला सरपंच को परेशान करना शुरू कर दिया। महिला सरपंच ने दोकड़ा में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान,आपबीती सुनाते हुए कहा कि पुलिस के जवान रात के समय उनके घर आ जाया करते थे और पूछताछ करके चले जाते थे। लगातार किये जा रहे मानसिक प्रताड़ना से तंग आ कर,उन्हों आत्म समर्पण किया और 6 माह तक जेल में रही। अंततः उन्हें उच्च न्यायालय से जमानत मिली और अपने घर पहुंची।

इस बीच,उन्होनें एसडीएम न्यायालय द्वारा उनके कार्यभार ग्रहण पर रोक लगाने के आदेश के विरूद्व अपर कलेक्टर के न्यायालय में पुर्नविचार याचिका लगाया। महिनों तक चली सुनवाई के बाद,9 दिसंबर को अपन कलेक्टर न्यायालय ने चंद्रकला भगत पर लगाए गए तमाम आरोप को खारिज कर दिया। इस पर,15 दिसंबर को एसडीएम बगीचा ने जनपद पंचायत कांसाबेल को 2 दिन के अंदर चंद्रकला भगत को कार्यभार ग्रहण कराने का आदेश जारी किया था।

## रौनियार समाज के गुप्ता दूसरी बार बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पत्थलगांव रौनियार समाज के दो वर्ष कार्यकाल जो कि 31 दिसम्बर 2023 को खत्म होने की तरफ था जिसे लेकर रौनियार समाज की हर महीने होने वाली बैठक में रविवार को हुए चुनाव में फिर से दुबारा जितेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया उपाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता , सचिव कुंदन गुप्ता, ब्यवस्थापक कृष्ण कुमार गुप्ता, एवं मीडिया प्रभारी के रूप में मनोहर गुप्ता,को चुना गया आपको बता दे कि रौनियार समाज पत्थलगांव में हर दो वर्ष का कार्यकाल होता है। जिसे पूर्ण होने से एक महीने पूर्व ही अगले अध्यक्ष का चुनाव कर लिया जाता है। पत्थलगांव रौनियार समाज जिसे 1982 में एक किया गया था तब से लेकर रौनियार समाज की हर महीने बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाता है। रौनियार समाज सामाजिक रूप से समाज के युवा पीढ़ी को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करती रही है समय समय मे युवाओं को सम्मानित भी करती रही है। पत्थलगांव रौनियार समाज के मुखिया अरुण गुप्ता ने बताया की हमारा पत्थलगांव रौनियार समाज एक दूसरे के साथ बेहतर तालमेल के साथ रहते है। एक दूसरे के सुख दुःख में मिल कर कार्य करते है। 2024, 25 के लिए हुए चुनाव में जितेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष के रूप से फिर से चुना गया है।

## साय के सीएम बनने के बाद अब शिक्षा में भी दिखने लगी कसावट

**जशपुरनगर।** कुनकुरी विधायक विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद हर क्षेत्र में लगातार प्रशासनिक कसावट देखी जा रही है। स्वास्थ्य के साथ ही अब शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला तामासिंघा में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 48 है और वहां केवल एक प्रधान पाठक पदस्थ हैं,इस कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई में काफी समस्या आ रही थी। इसे लेकर बच्चों के अभिभावक काफी चिंतित थे। इन अभिभावकों ने मुख्यमंत्री निवास (बगिया) पहुंचकर एक आवेदन दिया था, जिस पर सीएम हाउस से कलेक्टर को एकल शिक्षक शाला की समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल व्यवस्था बनाने को कहा गया था। कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल बंदरचुवा के प्राचार्य ने प्राथमिक कन्या शाला बंदरचुवा की सहायक शिक्षक सरिता खाखा को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शासकीय प्राथमिक शाला तामासिंघा में अध्यापन कार्य करने के लिए आदेशित किया है। साथ ही सरिता खाखा को उक्त संस्था में अपनी उपस्थिति देने को कहा है। समस्या का समाधान तत्काल होने पर अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

## जिला स्तरीय सद्भावना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




जिला स्तरीय सद्भावना शिविर कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत कुमेकेला, महादेव टिकरा पत्थलगांव में कार्यक्रम का हुआ आयोजन शासन द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955, अनु.जाति एवं अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण )अधिनियम 1989 के तहत संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का जिला स्तरीय सद्भावना शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कुमेकेला, महादेव टिकरा विकासखंड पत्थलगांव में किया गया। सद्भावना शिविर में कार्यक्रम में सभी समुदाय से प्रबुद्ध जन एवं सतनामी समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए । सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## विशेष पिछड़ी जनजाति बस्ती में शुक्रवार 22 को लगाई जाएगी पोषण-चौपाल, ऊर्जा संरक्षण दिवस पर लिया ऊर्जा संरक्षण संकल्प

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में संबंधित विभाग द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्य की जानकारी लेते हुए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

■ अधिकारियों को पहाड़ी कोरवा बस्ती में जाने के निर्देश दिए



उन्होंने सभी विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी लेकर विभाग द्वारा कार्य को बेहतर करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति बस्ती में पोषण चौपाल शुक्रवार 22 दिसंबर को लगाई जाएगी। इस हेतु अधिकारियों को पहाड़ी कोरवा बस्ती में जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पहाड़ी कोरबा बस्ती में जाकर पोषण आहार से संबंधित गाइडलाइन के आधार पर जानकारी देकर जागरूक करने कहा। बसाहट की जानकारी अंतर्गत जनसंख्या, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क व्यवस्था, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, अकाउंट नंबर सामाजिक समस्याओं के संबंध में अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अटल चौक, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनीमिया, किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की जानकारी ली और अटल चौक के रंग रोगन, मरम्मत, साफ सफाई कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने विशेष कार्य योजना बनाने के लिए कहा है।

### ऊर्जा संरक्षण का लिया संकल्प

साप्ताहिक समय सीमा के बैठक में कलेक्टर की उपस्थिति में अधिकारियों ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हम सत्य निष्ठा से संकल्प लेते हैं कि हम ऊर्जा का अपव्यय रोकेंगे एवं अन्य लोगों को भी ऊर्जा अपव्यय रोकने हेतु जागरूक करेंगे। आदर्श नागरिक होने के नाते हम ऊर्जा पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करेंगे ताकि आगे आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर वातावरण सुनिश्चित हो सके। एक नए व स्वच्छ भारत का निर्माण कर सके।

## राजस्व के लंबित प्रकरणों को समयावधि में निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा है। अधिकारियों को समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कोर्ट संबंधी प्रकरण समय पर सुनवाई कर निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने आवेदकों से किसी भी प्रकरण के संबंध में जानकारी लेकर उनके साथ बेहतर व्यवहार कर नियमानुसार समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित लोगों के शेष मुआवजा राशि के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करने कहा। उन्होंने आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरण को भी समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने दो साल से राजस्व के लंबित प्रकरणों प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। नक्शा दुरुस्त, अभिलेख शुद्धता कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आई एल ठाकुर, श्री आर पी चौहान सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व अमला उपस्थित थे।



# 'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style



# जया
## 'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ⏭ मुंबई

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

हॉलीवुड मसाला




# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# 'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

टीवी मसाला



# दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# 'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

*__मुंबई।__ बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।




### 'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कईं कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

### *किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक*

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*

